# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं. : 2231562, 2215089, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in, ई मेल : bseapatna@gmail.com


/पटना, दिनांक 08-4-2019

## अधिसूचना

संख्या-नि०प्रा०/नि०1-03/2019...516..... बिहार सहकारी सोसाईटी (संशोधन) अधिनियम, 2011 की धारा- 14 (क) (1) के प्रावधानों के आलोक में सहकारिता विभाग की अधिसूचना संख्या-1273 दिनांक 01.03.2012 द्वारा बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 के अधीन निबंधित सहकारी समितियों के प्रबंधकारिणी समिति के निर्वाचन संचालन का दायित्व बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार को सौंपा गया है।

2. उक्त परिप्रेक्ष्य में बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार द्वारा प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) के निर्वाचन, 2019 के लिए सभी जिलों के उप विकास आयुक्त को उस जिला के लिए नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया जाता है। वे जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (सहयोग समितियाँ) के द्वायित्वों के अतिरिक्त नोडल पदाधिकारी के दायित्वों का भी निर्वहन करेंगे।

3. उप विकास आयुक्त -सह- नोडल पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (सहयोग समितियाँ) के निर्देशन एवं नियंत्रण में कार्य करेंगे तथा बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम, 2008 की धारा-4 के अंतर्गत बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के पर्यवेक्षण, निदेशन एवं नियंत्रण में प्राथमिक कृषि साख समिति का चुनाव संबंधी का कार्य करेंगे।

ह0/-

**(गिरीश शंकर)**

मुख्य चुनाव पदाधिकारी।

ज्ञापांक /पटना, दिनांक

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

ह0/-

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी।**

ज्ञापांक 516 /पटना, दिनांक 08-4-2019

प्रतिलिपि : सभी प्रमंडलीय आयुक्त/ सभी जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०)/ सभी उप विकास आयुक्त -सह- जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०)/ सभी आरक्षी अधीक्षक/ सभी अनुमंडल पदाधिकारी -सह- जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०)/ सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी -सह- जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०)/ सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निवाचन पदधिकारी (स०स०)/ सभी अंचलाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०) से अनुरोध है कि इस अधिसूचना की पर्याप्त प्रतियाँ अपने स्तर पर तैयार कर संबंधित पदाधिकारियों को निश्चित रूप से उपलब्ध करा देंगे।

3. जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०) से यह भी अनुरोध है कि संबंधित नोडल पदाधिकारियों के नाम उनके दूरभाष एवं मोबाईल नं० की सूचना अविलंब प्राधिकार को उपलब्ध करायेंगे।

8/5/19

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी।**